हिन्दुस्तान

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 45 शीर्ष अधिकारियों ने भेंट कर जताई इच्छा

# यूपी में 25 कंपनियां करेंगी ₹6500 करोड़ का निवेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक अहम उच्चस्तरीय बैठक में देश और विदेश की 25 प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़े 45 अफसरों ने औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और विस्तार के लिए करीब 6,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव रखेर। इनमें मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, बायो रिफाइनरी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग और सर्विस सेक्टर संबंधित परियोजनाएं हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के साथ यूपी की आर्थिक गति और तेज होगी। निवेशकों ने भरोसा जताया कि यूपी की मजबूत कानून व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार की प्रो-एक्टिव अप्रोच दीर्घकालिक निवेश के लिए सबसे उपयुक्त आधार देती है।

डब्ल्यूएमजी ग्रुप के तत्वावधान में आए इस प्रतिनिधिमंडल में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, फाइनेंस, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, बेवरेज, फार्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सीईओ, सीएफओ, डायरेक्टर्स और शीर्ष प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी उद्योग प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि कई दशकों तक राजनीतिक अस्थिरता, गलत धारणाओं से छवि नकारात्मक रही। अब धारणाओं को पीछे छोड़कर नए उत्तर प्रदेश को जानने-समझने की जरूरत है। वर्तमान सुरक्षित, स्थिर-अवसरों से भरा और भविष्य उज्ज्वल है। योगी ने कहा कि पूंजी तभी सुरक्षित रह सकती है जब समाज और राज्य सुरक्षित हों। आज लगभग नौ वर्षों में एक भी दंगा नहीं हुआ, एक दिन भी कर्फ्यू नहीं लगा और प्रदेश माफिया मुक्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2018 सरकार के प्रयास 4.67 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। 2023 की ग्लोबल समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। ➤ पूंजी पूरी तरह सुरक्षित P23

## निवेश प्रस्ताव 40 लाख करोड़ तक पहुंचे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को मिले उद्यमियों ने उन्हें टीशर्ट भेंट की।

**01** दर्जन के करीब क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रस्ताव

**09** सालों में एक भी दिन दंगा नहीं होने का दावा किया

> पूरे यूपी का भ्रमण करें, यहां बदलाव और व्यावसायिक अनुकूलता का प्रत्यक्ष अनुभव करें इसके बाद निवेश के लिए उपयुक्त निर्णय लें।
>
> – योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

## नए साल में 1.5 लाख से अधिक भर्तियों की तैयारी

हि जॉब्स

**लखनऊ, विसं।** नए साल में यूपी सरकार पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत करीब आधा दर्जन से अधिक विभागों में खाली डेढ़ लाख पदों पर भर्ती करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में बुलाई उच्च स्तरीय बैठक में अफसरों से विभागवार खाली पदों की ब्योरा तलब किया है। योगी ने समीक्षा के बाद वर्ष 2026 में प्रदेश के युवाओं को 1.5 लाख नौकरी देने की अनुमति दे दी है। सूत्रों की मानें तो सरकार वर्ष 2026 में पुलिस, शिक्षा विभाग में करीब 50-50 हजार पदों पर भर्ती करेगी। राजस्व में 20 हजार पदों पर भर्ती होगी, कारागार, आवास विकास, बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग में भी पद भरे जाएंगे।